दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय
गोरखपुर-273001

(नैक प्रत्यायित 'B++' श्रेणी)

सम्बद्ध

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

☎ : 0551-2334549
: 09792987700
e-mail : dnpggkp@gmail.com
website : www.dnpgcollege.edu.in

दिनांक 19.04.2023

प्रकाशनार्थ

दिनांक 19.04.2023 गोरखपुर। महाविद्यालय के शिक्षक शिक्षा विभाग में शैक्षिक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्य अतिथि डॉ० राजेश सिंह, असिस्टेंट प्रोफेसर शिक्षक शिक्षा विभाग दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय गोरखपुर और विशिष्ट अतिथि डॉ शीला सिंह पूर्व विभागाध्यक्ष मनोविज्ञान विभाग दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय गोरखपुर, डॉ उषा रानी राय पूर्व विभागाध्यक्ष बी० एड० विभाग दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय गोरखपुर, डॉ सरोज शाही पूर्व एसोसिएट प्रोफेसर बी० एड० विभाग दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय गोरखपुर एवं प्रो. ओम प्रकाश सिंह, प्राचार्य दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय गोरखपुर ने फीता काटकर किया।

शैक्षिक प्रदर्शनी के दौरान बी.एड .विभाग के द्वितीय सेमेस्टर के प्रशिक्षुओं ने रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम का वर्किंग मॉडल, 1857 की क्रांति, सेव द टाइगर, यूएनओ, लाई–फाई तकनीक का वर्किंग मॉडल, जी 20 में भारत की अध्यक्षता, नई संसद भवन, और प्रदूषण से बचाव से सम्बन्धित मॉडलों को पेश किया।

मॉडल का प्रदर्शन करते हुए प्रशिक्षुओं ने अपने मॉडल से संबंधित विभिन्न तथ्यों के बारे में बताया, निरीक्षण करते हुए मुख्य अतिथि डॉ० राजेश सिंह ने और महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. ओम प्रकाश सिंह ने प्रशिक्षुओं से उनके मॉडल से सम्बन्धित प्रश्न पूछा और अपने सुझाव दियें।

मुख्य अतिथि ने निरीक्षण के पश्चात प्रशिक्षुओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज की शिक्षा में मूल्य शिक्षा का समावेशन किया जाना अति आवश्यक है वर्तमान पीढ़ी के शिक्षकों को आज के परिवेश के लिए छात्रों को मूल्य शिक्षा से जोड़ना एक बड़ी जिम्मेदारी है इसके पश्चात महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ ओम प्रकाश सिंह ने प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए कहा कि छात्रों के सर्वांगीण विकास में इस प्रकार की शैक्षिक प्रदर्शनी का महत्वपूर्ण योगदान होता है इसके माध्यम से छात्रों में रचनात्मकता प्रवृत्ति विकसित होती है। शैक्षिक प्रदर्शनी में लाई–फाई तकनीकी के वर्किंग मॉडल को प्रथम स्थान, रेन वाटर हार्वेस्टिंग के वर्किंग मॉडल तथा जी 20 में भारत की अध्यक्षता के मॉडल को द्वितीय स्थान; 1857 की क्रान्ति, नई संसद भवन तथा संयुक्त राष्ट्र संघ के मॉडल को तृतीय स्थान; सेव द टाइगर एवम प्रदूषण से बचाव के मॉडल को चतुर्थ स्थान प्राप्त हुआ।

इस अवसर पर बी० एड० द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर के प्रशिक्षु तथा विभाग के सभी प्राध्यापकों सहित अन्य विभाग के प्राध्यापक प्रो० शशिप्रभा सिंह, डॉ प्रतिमा सिंह, डॉ पीयूष सिंह, श्री शिव कुमार, श्री धीरज सिंह, श्री दीपक सिंह, डॉ शुभ्रांशु शेखर सिंह, श्री दिनेश मौर्य ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया एवं प्रशिक्षुओं का उत्साहवर्धन किया।

उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी डॉ. शैलेश कुमार सिंह ने दिया।

डॉ. शैलेश कुमार सिंह
प्रभारी मीडिया एवं जनसंपर्क